पटना के 15 वर्षीय छात्र प्रणव ने बनाया बाज़ार से कई गुना सस्ता स्मार्ट इन्वर्टर

चर्चा में क्यों?

3 अगस्त, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार पटना के छात्र प्रणव ने महज़ 15 वर्ष की उम्र में बाज़ार में मिलने वाले इन्वर्टर से कई गुना सस्ता टच स्क्रीन वाला इन्वर्टर बना दिया है।

प्रमुख बिंदु

- जानकारी के अनुसार 17वीं बार में प्रणव को सफलता हाथ लगी और स्मार्ट इन्वर्टर बनकर तैयार हो गया।
- इन्वर्टर में टच स्क्रीन डिस्प्ले दिया गया है। टच स्क्रीन डिस्प्ले पर सारे तरह के इंडिकेटर्स दिये गए हैं। सबसे खास बात यह है कि यह इन्वर्टर बाज़ार में मिलने वाले इन्वर्टर से कई गुना सस्ता है।
- यह इन्वर्टर बहुत ज़्यादा लोड देकर प्रयोग करने पर 3 घंटे तक का बैकअप दे सकता है। इसपर पंखा, बल्ब, आयरन, मिक्सर भी चला सकते हैं।
- इसका सिस्टम ऐसा बनाया गया है कि अगर इस इन्वर्टर की वजह से घर में कहीं भी शॉर्ट-सर्किट होता है तो यह अपने आप पावर को कट कर सकता है। बाईपास स्विच भी दिया गया है, जो ओवरलोड होने पर पावर को कट कर सकता है।
- इस स्मार्ट इन्वर्टर में किताब के आकार जैसी बैट्री लगाई गई है, जो इन्वर्टर में ही लगी रहती है। इसका साइज़ 25 सेमी. लंबाई 18 सेमी. चौड़ाई और 3 सेमी. ऊँचाई में है।
- यह बैट्री लिथियम आयन ड्राई सेल है, जो किलो कॉस्ट और कम वेट वाली है। इसकी एफिशिएंसी 92% है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/patna-s-15-year-old-student-pranav-made-smart-inverter-many-times-cheaper-than-the-market